समाचार
WANI NEWS
ख़बर जो करें असर !

# लगातार चौथे दिन सोना हुआ सस्ता, जानिए 29 मई 2025 को देशभर के प्रमुख शहरों मे क्या है लेटेस्ट रेट।

Published on 29 May 2025 | By Samachar Wani Correspondent



## डॉलर की मजबूती और ग्लोबल मार्केट मे बंदलाव के चलते सोने की कीमतों मे गिरावट जारी, जानिए आज आपके शहर मे 22 और 24 कैरेट का भाव।

**नई दिल्ली :** वैश्विक आर्थिक संकेतकों के चलते भारत में **सोने की कीमतों मे लगातार गिरावट** देखने को मिल रही है। **29 मई 2025** को यह गिरावट **लगातार चौथे दिन** दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर **डॉलर की मजबूती और अमेरिका मे टैरिफ विवाद पर कोर्ट** का फैसला इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का असर

अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा **लिबरेशन डे टैरिफ को असंवैधानिक घोषित** किए जाने के बाद निवेशकों का झुकाव शेयर बाजार की ओर बढ़ा है, जिससे सोने की मांग में गिरावट आई है। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी देखा जा रहा है।

आज देश के प्रमुख शहरों में सोने का ताजा रेट (प्रति 10 ग्राम)

| शहर | 22 कैरेट (INR) | 24 कैरेट (INR) |
|---|---|---|
| दिल्ली | ₹89,490 | ₹97,629 |
| मुंबई | ₹89,340 | ₹97,470 |
| पटना | ₹89,390 | ₹97,520 |
| हैदराबाद | ₹89,340 | ₹97,470 |
| चेन्नई | ₹89,340 | ₹97,470 |
| बेंगलुरु | ₹89,340 | ₹97,470 |
| कोलकाता | ₹89,340 | ₹97,470 |
| अहमदाबाद | ₹89,390 | ₹97,520 |

### चांदी मे भी मामूली गिरावट

**एमसीएक्स (MCX)** पर गुरुवार सुबह **चांदी 0.38% बढ़कर ₹97,628 प्रति किलो** पर कारोबार कर रही थी। वहीं, सोना वायदा बाजार में **₹94,673 प्रति 10 ग्राम** पर ट्रेड हो रहा था।

**क्यों घटते है सोने के दाम ?**

भारत में सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले मुख्य कारण हैं:

१. **अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मार्केट की चाल**

२. **डॉलर और रुपये के बीच विनिमय दर**

३. **आयात शुल्क मे बंदलाव**

४. **सामाजिक-धार्मिक मांग (शादी-ब्याह, त्योहार)**

भारत में सोना सिर्फ निवेश का साधन नहीं बल्कि **धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व** भी रखता है। यही कारण है कि कीमतों में थोड़ी गिरावट पर भी मांग बनी रहती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: [www.samacharwani.com](http://www.samacharwani.com)

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVES/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOEVER.